Email ID: eecd123fatehpur@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,

फतेहपुर–212601

पत्रांक : 966 / M-7 / 56 दिनांक : 25.05.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः— **फतेहपुर के देवमई में जल जीवन मिशन ठपः दो साल से अधूरा काम, ठेकेदार ने छोड़ा निर्माण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र दैनिक भाष्कर के ई—संस्करण में प्रकाशित शीर्षक **"फतेहपुर के देवमई में जल जीवन मिशन ठपः दो साल से अधूरा काम, ठेकेदार ने छोड़ा निर्माण"** की कतरन इस खण्ड में प्राप्त हुई है। उक्त के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि सन्दर्भित पेयजल योजना पर जल जीवन मिशन (फेज—3) कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था मे0 पावरमेक—भूरथनम (जे0वी0) द्वारा योजना के निर्माण कार्य कराएं जा रहे है। वर्तमान में योजना पर पम्प हाउस 90 प्रतिशत, वितरण प्रणाली 90 प्रतिशत तथा बाउण्ड्रीवाल 85 प्रतिशत पूर्ण है। शासन द्वारा योजना पर धनावन्टन न होने के कारण कार्य की प्रगति अवरूद्ध है। शासन द्वारा धनावन्टन के उपरान्त योजना के अवशेष कार्यो को पूर्ण कराकर सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित होगी।

भवदीय,

(अनुराग गौतम)
अधिशासी अभियन्ता

Email ID: eecd123fatehpur@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,

फतेहपुर–212601

पत्रांक : 967 / M-7 / 57 दिनांक : 25.05.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– गर्मी में गहराया पेयजल संकट, अधूरी पानी टंकियॉ दे रही दर्द के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान के ई–संस्करण में प्रकाशित शीर्षक **"गर्मी में गहराया पेयजल संकट, अधूरी पानी अंकियॉ दे रही दर्द"** की कतरन इस खण्ड में प्राप्त हुई है। विषयांकित सन्दर्भ में अवगत कराना है कि जनपद में पेयजल योजना पर जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत 03 नग सूचीबद्ध फर्मो क्रमशः मे0पावरमेक–भूरथनम (जे0वी0), मे0बाबा जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) व मे0 गायत्री–रैमकी (जे0वी0) जनपद यूनिट–फतेहपुर द्वारा निर्मार्ण कार्य कराये जा रहे है। वर्तमान में योजना पर शिरोपरि जलाशय लक्ष्य 665 नग के सापेक्ष 334 नग पूर्ण है। शेष शिरोपरि जलाशय के निर्माण कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में कुल 665 पेयजल योजनाओं में से 244 पेयजल योजनाओं में पाइप लाइन एवं नलकूप के माध्यम से नियमित जलापूर्ति की जा रही है। वर्तमान में 125 पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य शतप्रतिशत पूर्ण कराकर सुचारू जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी गई है। जल जीवन मिशन अन्तर्गत शासन द्वारा धनावन्टन न किये जाने कारण कार्य की प्रगति बाधित है। जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत "हर घर जल" योजना के कार्यो को मार्च 2028 तक पूर्ण किया जाना लक्ष्य है।

भवदीय,

(अनुराग गौतम)
अधिशासी अभियन्ता